उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग
Uttarakhand Subordinate Services Selection Commission

पत्रांक /Ref. No.: 679 दिनांक /Date.: 5-10-2020

संवाद–51

मा0 उच्च न्यायालय के अधीनस्थ न्यायालयों के लिए कनिष्ठ सहायक व आशुलिपिक के पदों पर टंकण व आशुलेखन परीक्षा के संबंध में।

प्रिय अभ्यर्थियों,

पद कोड–133 के लिए दिनांक 12, 13 व 14 अक्टूबर, 2020 को टंकण परीक्षा कराई जा रही है व 03 नवम्बर से 07 नवम्बर, 2020 के मध्य आशुलेखन परीक्षा होगी। टंकण परीक्षा के प्रवेश पत्र आज दिनांक 05 अक्टूबर, 2020 को जारी हो जायेंगे। दोनों परीक्षायें देहरादून शहर में आयोजित होंगी।

कुछ अभ्यर्थियों की इसी बीच अन्यत्र परीक्षा है विशेष रूप से उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित अपर निजी सचिव के पदों हेतु टंकण परीक्षा। ऐसे सभी अभ्यर्थियों के लिए दिनांक 03.11.2020 से 07.11.2020 के बीच टंकण परीक्षा की व्यवस्था आयोग द्वारा की जायगी। ऐसे सभी अभ्यर्थी कृपया ध्यान दें उन्हें अपनी दूसरी परीक्षा का प्रवेश पत्र संलग्न करते हुये आयोग के **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर अपनी ऐसी परीक्षा की जानकारी तथा टंकण परीक्षा की तिथि, बदलने का अनुरोध पत्र भेजना होगा। ऐसा न करने पर उन्हें अवसर दिया जाना संभव नहीं होगा व उनके अनुपस्थित रहने पर उनका अवसर समाप्त हो जायगा।

अतः उपरोक्तानुसार अपना अनुरोध पत्र तत्काल आयोग की **E.Mail–chayanayog@gmail.com** पर भेजे। दिनांक 10.10.2020 तक अपना अनुरोध पत्र प्रत्येक दशा में भेज दें। उसके उपरांत ऐसे किसी अनुरोध पर विचार संभव नहीं होगा।

अब परिवहन सुविधायें बहाल हो गयी हैं, तथापि अभी परिवहन सुविधाओं की उपलब्धता थोड़ी कम हो सकती है, अतः परीक्षा में आने के लिए अपनी यात्रा व वाहन उपलब्धता की अच्छी तरह जानकारी प्राप्त कर लें।

दिनांक 12 से 14 अक्टूबर, 2020 को आयोजित होने वाली टंकण परीक्षा–**एम0एम0एस0 इन्फोटेक कम्प्यूटर केन्द्र (MMS INFOTECH Computer Center)** पर होगी यह परीक्षा केन्द्र देहरादून स्थित जोगीवाला, हरिद्वार रोड़ पर कैलाश हॉस्पिटल के निकट स्थित है।

कोविड–19 संक्रमण के खतरे के दृष्टिगत सभी सुरक्षात्मक उपायों व सावधानियों का अवश्य ध्यान रखें।

परीक्षा हेतु शुभकामनायें।

5/10/2020

(संतोष बडोनी)
सचिव।